# सवाई माधोपुर में तिरंगा, वंदे मातरम प्रदर्शनी व मेले का समापन

■ अतिरिक्त जिला कलैक्टर ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया, स्थानीय उत्पादों को सराहा

■ तिरंगा सेल्फी पॉइंट भी आकर्षण का प्रमुख केन्द्र रहा

**सवाई माधोपुर, (निसं)।** स्वतंत्रता दिवस की 80वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में संचालित 'हर घर तिरंगा अभियान-2026' के अंतर्गत जिला प्रशासन एवं उद्योग विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिला पर्यटन सूचना केन्द्र, सवाई माधोपुर रेलवे स्टेशन परिसर में आयोजित तिरंगा एवं वंदे मातरम् प्रदर्शनी एवं तिरंगा मेले का बुधवार को समापन हुआ। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा, उप निदेशक पर्यटन मधुसूदन सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज के गौरव, राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए अभियान की सराहना की। अधिकारियों ने प्रदर्शनी परिसर में लगाए गए राजीविका स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार स्थानीय उत्पादों एवं हस्तशिल्प स्टॉलों का भी अवलोकन किया। अधिकारियों ने प्रदर्शित उत्पादों की जानकारी ली और हस्तशिल्पियों के प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने तिरंगा सेल्फी पॉइंट पर तिरंगे के साथ फोटो खिंचवाकर आमजन से राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान बनाए रखने, 'हर घर तिरंगा' अभियान से जुड़ने तथा अपने घरों पर सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराने का संदेश दिया। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने बताया कि अभियान के तहत 13 एवं 14 अगस्त को जिला स्तर पर विभाजन विभीषिका प्रदर्शनी सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही, 13 से 17 अगस्त तक सरकारी कार्यालयों, स्मारकों, प्रमुख बाजारों एवं सार्वजनिक स्थलों को तिरंगा थीम पर सजाया जाएगा तथा प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर तिरंगा कैनवास स्थापित किए जाएंगे, जिन पर आमजन हस्ताक्षर कर राष्ट्रप्रेम एवं देशभक्ति के संदेश अंकित कर सकेंगे।

14 अगस्त को प्रत्येक ग्राम पंचायत में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिनमें स्वतंत्रता सेनानियों, पूर्व सैनिकों, शहीदों के परिजनों तथा सुरक्षा बलों के सेवानिवृत्त कार्मिकों को सम्मानपूर्वक आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने जिलेवासियों से आ ान किया कि वे 17 अगस्त तक अपने घरों, प्रतिष्ठानों एवं संस्थानों पर राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा का पूर्ण सम्मान करते हुए तिरंगा फहराएं, तिरंगा यात्राओं एवं विभिन्न गतिविधियों में भाग लें तथा 'सेल्फी विद तिरंगा' अभियान से जुड़कर फोटो, भारत सरकार के 'हर घर तिरंगा' पोर्टल /पर अपलोड कर राष्ट्रभक्ति के इस महापर्व को जनभागीदारी का उत्सव बनाएं।जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक पंकज मीणा ने बताया कि दो दिवसीय प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में यात्रियों, विद्यार्थियों, पर्यटकों एवं आमजन ने भाग लेकर तिरंगे के गौरव, राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के महत्व तथा स्थानीय उत्पादों की विशेषताओं की जानकारी प्राप्त की। साथ ही तिरंगा सेल्फी पॉइंट भी आकर्षण का प्रमुख केन्द्र रहा।

## सार-समाचार

### हरियाली अमावस्या पर शिक्षा अधिकारियों ने किया पौधारोपण

**हिण्डौन सिटी, (निसं)।** हरियाली अमावस्या के अवसर पर मुख्यमंत्री के 'हरियालो राजस्थान' अभियान एवं 'एक पेड़ मां के नाम' थीम के तहत शिक्षा अधिकारियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय हिण्डौन सिटी के परिसर में शहतूत, हरसिंगार एवं नीम सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सीमा जादौन, अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दयाल सिंह सोलंकी, संदर्भ व्यक्ति विनोद कुमार जाट, शैलेंद्र सोलंकी, स्काउट सचिव मुकेश लहकोडिया, आभास शर्मा, नरेश शर्मा एवं राजकुमार शर्मा सहित अन्य कार्मिकों ने पौधारोपण किया। पौधों की सुरक्षा के लिए लोहे के जाल लगाने की योजना भी बनाई गई। इसी क्रम में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, मोहन नगर के परिसर में भी शिक्षा अधिकारियों द्वारा पौधारोपण किया गया तथा लगाए गए पौधों की जियो-टैगिंग की गई। यहां फलदार, छायादार एवं फूलदार विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य विकास गुप्ता, प्रियंका शर्मा, मुकेश गुप्ता, कृष्ण कन्हैया शर्मा, विनोद मीणा, मनोहर लाल शर्मा, दिलीप गर्ग, उत्कर्ष जैन एवं भुवनेश शर्मा ने सहयोग किया। गाइड की बालिकाओं ने भी पौधारोपण की व्यवस्थाओं में सहयोग किया। शिक्षा अधिकारियों ने ब्लॉक के सभी विद्यालयों के परिसरों तथा सार्वजनिक स्थलों पर अधिकाधिक पौधारोपण करने और लगाए गए पौधों की जियो-टैगिंग सुनिश्चित करने का आ ान किया। उन्होंने संस्था प्रधानों एवं कार्मिकों से विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित करते हुए अधिक से अधिक पौधे लगवाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने की अपील की, ताकि 'हरियालो राजस्थान' अभियान को जनभागीदारी के साथ सफल बनाया जा सके।

### प्रतिभा सम्मान समारोह 16 अगस्त को

**हिण्डौन सिटी, (निसं)।** ब्राह्मण समाज हिण्डौन सिटी की ओर से तहसील स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह-2026 का आयोजन 16 अगस्त को किया जाएगा। समारोह पं. चौखे पैराडाइज एवं रिसॉर्ट, झारेड़ा रोड, हिण्डौन सिटी में सुबह 11 बजे आयोजित होगा। ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष वासुदेव शर्मा ने जानकारी देते बताया कि समारोह में समाज की विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। इसके साथ ही समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान तथा आर्थिक रूप से पिछडी विधवा महिलाओं को पेंशन वितरण भी किया जाएगा। आयोजन के दौरान समाजहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श भी किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य समाज की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ जरूरतमंद वर्ग को सामाजिक सहयोग उपलब्ध कराना है। ब्राह्मण समाज हिण्डौन सिटी के अध्यक्ष शर्मा ने समाज के सभी बंधुओं से समारोह में उपस्थिति होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने का आ ान किया है। प्रतिभाओं के आवेदन जमा कराने की अंतिम तिथि 5 अगस्त 2026 निर्धारित की गई थी।आयोजकों ने समारोह को समाज की प्रतिभाओं के सम्मान और सामाजिक सरोकारों को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया है।

### अग्रवाल समाज अध्यक्ष की पत्नी के निधन पर दी श्रद्धांजलि

**करौली, (निसं)।** करौली अग्रवाल समाज के अध्यक्ष विसंबर दयाल गुप्ता की धर्मपत्नी पुष्पा देवी के निधन पर बुधवार को राजस्थान सरकार के गृह राज्य मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढम, करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर, सपोटरा विधायक हंसराज मीणा एवं जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा सहित भाजपा पदाधिकारियों ने उनके पैतृक आवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। ज्ञात रहे कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक गोविंद गुप्ता के बड़े भाई एवं करौली अठावाल समाज अध्यक्ष विसंबर दयाल गुप्ता की पत्नी पुष्पा देवी का सोमवार को निधन हो गया था। उनके निधन से परिवार एवं समाज में शोक की लहर है। बुधवार को करौली कैंप के दौरान गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम सहित जनप्रतिनिधि एवं भाजपा पदाधिकारी उनके आवास पहुंचे। उन्होंने दिवंगत पुष्पा देवी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मंत्री बेढम ने डीजीपी गोविंद गुप्ता, विसंबर दयाल गुप्ता सहित जगमोहन गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, जगदीश प्रसाद, राजेंद्र गुप्ता एवं अन्य परिजनों को सांत्वना देते हुए ढांढस बंधाया। इस दौरान भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष बृजलाल डिकोलिया सहित जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।फोटो: 1210

### जिला क्रिकेट संघ भरतपुर के अस्थाई निलंबन को किया रद्द

**भरतपुर, (निसं)।** राजस्थान क्रिकेट संघ की पूर्व एडहॉक कमेटी के तत्कालीन कन्वीनर मोहित यादव द्वारा जिला क्रिकेट संघ भरतपुर का 9 जून 2026 को अस्थायी रूप से निलंबन कर दिया गया था निलंबन के पीछे संघ के सचिव शत्रुघन तिवारी पर गंभीर प्रकृति की शिकायत प्राप्त होने बताया था और बाद में चार सदस्य वाली जांच समिति पूर्व न्यायाधीश के नेतृत्व मे नियुक्त गई थी परंतु राजीव प्रताप सिंह के द्वारा हाईकोर्ट मे दायर की गई याचिका पर सुनवाई करते हुए राजस्थान हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने 1 जुलाई 2026 के अपने आदेश में तत्कालीन मोहित यादव वाली एडहॉक कमेटी को निरस्त करते हुए राजस्थान सरकार के होम सेक्रेटरी भास्कर सावंत को राजस्थान क्रिकेट संघ का प्रशासक नियुक्त किया गया था उक्त सभी शिकायतों पर भास्कर सावंत द्वारा प्रसंज्ञान लेते हुए भरतपुर के संभागीय आयुक्त को पत्र लिखकर उक्त प्रकरण में एक जांच कमेटी नियुक्त करने को कहा संभागीय आयुक्त द्वारा तीन सदस्य जांच कमेटी नियुक्त की गई जिसमें श्रेष्ठ आई ए एस को अध्यक्ष एवं दो आर ए एस अधिकारियों को सदस्य शामिल किया। कमेटी ने सभी शिकायतकर्ता और शत्रुघ्न तिवारी को सुनवाई का अवसर देकर जांच को पूर्ण किया और अपनी जांच में कहा कि सभी शिकायतकर्ता जिला क्रिकेट संघ भरतपुर के सचिव शत्रुघन तिवारी के खिलाफ कोई भी ठोस साक्ष्य और सबूत जांच कमेटी के सामने पेश नहीं कर पाए उक्त जांच रिपोर्ट के आधार पर आरसीए के प्रशासक भास्कर सावंत ने जिला क्रिकेट संघ भरतपुर की अस्थाई निलंबन को रद्द करते हुए चुनाव में भाग लेना वोट करना तथा संघ के सभी अधिकारों को बहाल किया।

### करौली में तिरंगा यात्रा निकाली

**करौली, (निसं)।**भारतीय जनता पार्टी की ओर से बुधवार को करौली में तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिला प्रभारी मंत्री एवं राजस्थान सरकार के गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने त्रिलोक चंद माथुर स्टेडियम से तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और स्वयं यात्रा में पैदल शामिल हुए।यात्रा में भाजपा जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह जादौन, करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर, सपोटरा विधायक हंसराज बालोती, पूर्व विधायक रमेश मीणा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बृजलाल डिकोलिया, हेमेंद्र वशिष्ठ, कैलाश शर्मा, भोरु सिंह जादौन, पूर्व विधायक राजकुमारी जाटव सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। तिरंगा यात्रा त्रिलोक चंद माथुर स्टेडियम से प्रारंभ होकर हिंडौन गेट, फूटा कोट, अनाज मंडी, बड़ा बाजार, वजीरपुर गेट होते हुए रामद्वारा पहुंची और इसके बाद पुरानी कलेक्ट्री सर्किल पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान पूरे मार्ग में 'वंदे मातरम्' और 'भारत माता की जय' के उद्घोष गूंजते रहे। कलेक्ट्री सर्किल पर जन-गण एवं वंदे मातरम् के साथ यात्रा का समापन हुआ। यात्रा के दौरान पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए। पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम एवं कोतवाली प्रभारी पुलिस जाप्ते के साथ यात्रा के आगे चलकर शहर में व्यवस्था बनाए हुए थे।यात्रा में जिला संगठन के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, मोर्चों के पदाधिकारी एवं हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### विद्यार्थियों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

**करौली, (निसं)।** नि:शब्द विद्यालय एकट बोधग्राम में हंस मोबाइल मेडिकल यूनिट करौली की ओर से विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच अत्याधुनिक मशीनों के माध्यम से की गई तथा आवश्यकतानुसार दवाइयों का वितरण किया गया। संस्था के कार्यक्रम प्रभारी मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि हंस फाउंडेशन की ओर से आयोजित शिविर में चिकित्सा दल ने विद्यार्थियों की बीपी, ब्लड शुगर सहित विभिन्न स्वास्थ्य जांचें कीं। शिविर में डॉ. रविप्रकाश चौधरी, फार्मासिस्ट महेंद्र कुमार, एसपीओ संजू कुमार, एलटी शिवानी सैनी एवं पायलट जितेंद्र कुमार ने सेवाएं दीं। संस्था के समन्वयक एवं सदस्य सचिव सत्येन चतुर्वेदी ने शिविर का अवलोकन कर चिकित्सा टीम द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की

## भगवान जगदीश ने हरे वस्त्र धारण किये

**हिण्डौन सिटी, (निसं)।** हरियाली अमावस्या पर प्रसिद्ध आस्थाधाम कैमरी में भगवान जगदीश जी के दर्शनों के लिए जिलेभर से हजारों श्रद्धालुओं ने दर्शन कर मनौती मांगी। भगवान जगदीश जी की मंगला आरती से चार बजे से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया, जो देर शाम तक लगातार जारी रहा। महंत मनोज शास्त्री, हरिमोहन शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भगवान की पूजा अर्चना की, अटका प्रसादी का भोग लगाया, भगवान जगदीश के जयकारों और भजन-कीर्तनों से मंदिर परिसर सहित पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल से सरोबार रहा। जगदीश मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष घनश्याम खटाना ने बताया कि हरियाली अमावस्या के अवसर पर करौली, भरतपुर, धौलपुर, दौसा, सवाई माधोपुर सहित दूर दराज के क्षेत्रों से हज़ारो श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। कोषाध्यक्ष कैप्टन शीशराम बाडा ने कहा कि भगवान जगदीश जी के दर्शनों की लालसा लिए रंग बिरंगे परिधानों में नजर आ रहे श्रद्धालु भगवान जगदीश की एक झलक पाने के लिए उत्साह के साथ आगे बढ़ रहे थे।

## करौली पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल, सभी सर्किलों में डीएसपी बदले

■ जिले में एक साथ डीएसपी और एसडीएम स्तर पर हुए तबादलों को आगामी निकाय चुनावों की तैयारियों के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है

**हिण्डौन सिटी, (निसं)।** निकाय चुनाव से पहले राज्य सरकार की ओर से करौली जिले के पुलिस महकमे में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। मंगलवार रात को आई 171 आरपीएस अधिकारीयों की सूची में जिले के सभी पांच पुलिस सर्किलों में नए उपाधीक्षक पुलिस (डीएसपी) लगाए गए हैं। इसके साथ ही एससी-एसटी सेल और साइबर क्राइम थाने की जिम्मेदारी में भी बदलाव किया गया है। बड़े स्तर पर हुए इस फेरबदल को आगामी निकाय चुनावों की तैयारियों से जोड़कर देखा जा रहा है।

पुलिस विभाग की ओर से जारी तबादला सूची के अनुसार आरपीएस सुरेन्द्र सिंह को हिण्डौन सिटी डीएसपी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं सुरेश विश्नोई को कैलादेवी, भंवर लाल बुनकर को टोडाभीम, विकास ढींढवाल को सपोटरा तथा श्रीराम बड़सरा को करौली सर्किल का डीएसपी नियुक्त किया गया है। इस बदलाव के बाद जिले के सभी पांचों पुलिस सर्किलों की कमान नए अधिकारियों के हाथों में होगी।

एससी-एसटी सेल और साइबर क्राइम थाने में भी बदलाव

डीएसपी स्तर पर सर्किलों में बदलाव के साथ ही जिले की विशेष पुलिस इकाइयों में भी नई नियुक्तियां की गई हैं। आरपीएस छुट्टन लाल मीणा को एससी-एसटी सेल, करौली की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं कुसुम मीना को साइबर क्राइम थाना, करौली में तैनात किया गया है। साइबर अपराध के बढ़ते मामलों के बीच साइबर क्राइम थाने में नई जिम्मेदारी को भी अहम माना जा रहा है। इसके अलावा एक दिन पहले यानि सोमवार रात को जारी हुई आरएएस अधिकारियों की तबादला सूची में भी करौली जिले के प्रशासनिक ढांचे में बड़ा बदलाव किया गया था। जिले के हिण्डौन, करौली और मंडरायल उपखंडों के एसडीएम बदले गए थे। इस तरह लगातार दो दिनों में जिले में प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के स्तर पर व्यापक फेरबदल हुआ है। जिले में एक साथ डीएसपी और एसडीएम स्तर पर हुए तबादलों को आगामी निकाय चुनावों की तैयारियों के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों में बदलाव से कानून-व्यवस्था, चुनावी तैयारियों और संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी व्यवस्था में भी बदलाव देखने को मिल सकता है।

विशेष रूप से हिण्डौन, करौली, टोडाभीम, सपोटरा और कैलादेवी जैसे क्षेत्रों में नए पुलिस अधिकारियों के सामने कानून-व्यवस्था को लेकर नई जिम्मेदारियां रहेंगी। पुलिस महकमे में हुए इस व्यापक फेरबदल के बाद अब नए अधिकारियों के कार्यभार संभालने के साथ ही जिले की कानून-व्यवस्था और पुलिसिंग व्यवस्था में संभावित बदलावों पर भी नजर रहेगी।

## रविदास के समरसता संदेश को जन-जन तक पहुंचाएं : डॉ शैलेश सिंह

**डीग/भरतपुर, (निसं)।** संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज ने करीब 650 वर्ष पूर्व समानता, भाईचारे और भेदभाव मुक्त समाज का संदेश दिया था, जो आज भी उतना ही प्रासंगिक हैयह बात डीग - कुम्हेर के विधायक डॉ शैलेश सिंह ने डीग और कुम्हेर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर संत शिरोमणि रविदास महाराज की कलश बंधन यात्राके पहुंचने पर आयोजित कार्यक्रमों मे भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि संत रविदास ने जात-पात, ऊंच-नीच और सामाजिक भेदभाव से ऊपर उठकर मानवता को सर्वोच्च स्थान देने की प्रेरणा दी। हमें उनके विचारों को जीवन में अपनाकर समाज में आपसी सद्भाव और सम्मान की भावना को मजबूत करना चाहिए।

उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं का आव्हान किया कि संत रविदास के समरसता एवं समानता के संदेश को गांव-गांव और ढाणी-ढाणी तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच भी यही है कि संत रविदास के विचारों को जन-जन तक पहुंचाकर भेदभाव मुक्त और मजबूत समाज का निर्माण किया जाए।

संत रविदास महाराज के 650वें प्रकाश पर्व के अवसर पर भाजपा के राष्ट्रव्यापी 'गुरु रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान' के तहत निकाली जा रही कलश वंदन यात्रा बुधवार को डीग-कुम्हेर विधानसभा क्षेत्र पहुंची।

विधायक डॉ. शैलेश सिंह के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने यात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने वंदन कलश का पूजन कर संत रविदास महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित किए।

डीग शहर के अंबेडकर पार्क व गांव अऊ के अलावा कुम्हेर क्षेत्र के गांव सैंत, कुम्हेर के अंबेडकर पार्क, आजऊ-पाहुआ क्षेत्र के नगला बघेर्रा तथा अजान-गुनसारा क्षेत्र के गांव सोगर में भी यात्रा का जोरदार स्वागत हुआ।

विधायक ने बताया कि अभियान का शुभारंभ 29 जुलाई 2026 को गुरु पूर्णिमा पर संत रविदास की जन्मस्थली सीर गोवर्धनपुर, वाराणसी से हुआ था। यात्रा राजस्थान में गांव-गांव सामाजिक समरसता का संदेश दे रही है।

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश बंसल, लोकसभा संयोजक गिरधारी गुप्ता, मंडल अध्यक्ष ललित तिवारी, राकेश गिरसै, गोपाल इंदौलिया, शिवसिंह जाटव सहित भाजपा पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अभाव अभियोग प्रकोष्ठ की बैठक में चुनावी रणनीति पर मंथन

**भरतपुर, (निसं)।** जिला कांग्रेस अभाव अभियोग प्रकोष्ठ भरतपुर की जिला कार्यकारिणी की एक अहम बैठक होटल निहाल पैलेस भरतपुर में जिला प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी सदस्यों के अलावा जिले के जिला, ब्लॉक, मंडल, समस्त प्रकोष्ठ एवं विभागों तथा जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में संपन्न हुई।

कांग्रेस संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने बताया कि प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मेघ सिंह सरपंच की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष योगिता पंकज शर्मा एवं विशिष्ट अतिथियों के रूप में भरतपुर कांठोस जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा, दयाचंद पचौरी, बबीता शर्मा तथा रूपवास पंचायत समिति प्रधान राजू रसीलपुर मौजूद रहे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम अभाव अभियोग प्रकोष्ठ के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष मेघ सिंह सरपंच ने मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष योगिता पंकज शर्मा एवं कांठोस जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा का शॉल,माला एवं बुके भेंट कर सभी अतिथियों का साफा बांधकर तथा माला पहनाकर सम्मान एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि योगिता शर्मा एवं कांठोस जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा द्वारा प्रकोष्ठ की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को पार्टी का पटका पहनाकर शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन जिला संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने किया। कार्यक्रम में कांठोसी विचारधारा के कार्यकर्ता वीरेंद्र मीणा, राकेश शर्मा और दीपक शर्मा ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर अतिथियों ने इनका माला तथा कांठोसी पटका पहनाकर स्वागत किया।

## सार-समाचार

### ईडब्ल्यूएस आरक्षण की मांग को लेकर राजपूत समाज ने सौंपा ज्ञापन

**रूपवास/भरतपुर, (निसं)।** श्री राजपूत समाज जिला इकाई रूपवास की ओर से पंचायतीराज एवं नगरीय निकाय संस्थाओं के चुनावों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) को नियमानुसार आरक्षण प्रदान किए जाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम का उपखंड अधिकारी विष्णु बंसल को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन महामंत्री ओमप्रकाश परमार के नेतृत्व में दिया गया। ज्ञापन में समाज की ओर से बताया गया कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा 103वें संविधान संशोधन के अंतर्गत शिक्षा एवं शासकीय सेवाओं में ईडब्ल्यूएस वर्ग को 10 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की गई है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के युवाओं एवं परिवारों को शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में सामाजिक एवं आर्थिक संबल मिला है। हालांकि स्थानीय स्वशासन संस्थाओं, पंचायतीराज एवं नगरीय निकायों के चुनावों में इस वर्ग को राजनीतिक प्रतिनिधित्व के लिए आरक्षण का लाभ अब तक नहीं मिल सका है। समाज ने कहा कि राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम एवं राजस्थान नगरपालिका अधिनियम के तहत विभिन्न वर्गों को स्थानीय निकायों में उचित प्रतिनिधित्व देने के लिए आरक्षण की व्यवस्था है। इसी प्रकार ईडब्ल्यूएस वर्ग के परिवारों को भी लोकतांत्रिक प्रक्रिया में समान भागीदारी एवं नेतृत्व का अवसर मिलना आवश्यक है। ज्ञापन में मुख्यमंत्री से मांग की गई कि पंचायतीराज संस्थाओं एवं नगरीय निकायों के चुनावों में ईडब्ल्यूएस वर्ग को नियमानुसार आरक्षण प्रदान करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोग अपने क्षेत्र एवं समुदाय की समस्याओं को प्रभावी ढंग से शासन-प्रशासन के समक्ष रख सकें और लोकतांत्रिक व्यवस्था में उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर सुरेश परमार, सुरेन्द्र परमार, गिर्राज सिंह, हरदौल सिंह, जितेन्द्र सिंह, नीरज, रामकिशन, अमृत आदि मौजूद थे।

### अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर मैराथन दौड़ एवं निबंध प्रतियोगिता

**भरतपुर (निसं)।** अभियांत्रिकी महाविद्यालय भरतपुर में अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में चार किलोमीटर की मैराथन दौड एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मैराथन दौड प्रतियागिता का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर नवीन झा द्वारा किया गया है। इस मैराथन दौड में महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा उत्साहपूर्वक भाग लिया गया। मैराथन दौड प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तुषार चौधरी द्वितीय स्थान प्रदीप शर्मा एवं तृतीय स्थान अनुज ने प्राप्त किया। वहीं निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नमन द्वितीय स्थान सोनिया एवं तृतीय स्थान मधुर ने प्राप्त किया।प्रतियोगिता का संचालन डॉ. अरूणा पाठक, सांस्कृतिक समन्वयक द्वारा करवाया गया एव उक्त प्रतियोगिताओं में निर्णयक के रूप में प्रोफेसर विजय खीचड, डॉ. अरविन्द सिंह चौधरी, डॉ. संदीप कुमार, दीपक पालीवाल एवं होतीलाल पीटीआई, सुमित कुमार द्वारा प्रतियोगिताओं के संचालन में सहयोग प्रदान किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य ने विजयी रहे विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किये एवं बताया कि युवाओं को शारीरिक रूप से सक्रिय रखने के साथ-साथ अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित करने में सहायक है।

### मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण आयोजित

**सवाई माधोपुर, (निसं)।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगरीय निकाय आम चुनाव-2026 के सफल, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष संचालन के लिए बुधवार को जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स (डीएलएमटी/एएलएमटी) का प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यवाहक जिला कलक्टर एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुडानिया की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बुडानिया ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की सफलता प्रशिक्षित एवं दक्ष मतदान कार्मिकों पर निर्भर करती है। उन्होंने मास्टर ट्रेनर्स से आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप व्यवहारिक, स्पष्ट एवं गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान करने का आव्हान करते हुए ।


